# शायद किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में विद्युत विभाग

## बीच बस स्टैंड पर खुला पड़ा ट्रांसफार्मर

**नवभारत/नरसिंहपुर/डोभी** ।बरसात के दिनों में अक्सर कर करेंट लगने से हादसों दुर्घटना के मामले आते रहते हैं। इनके सुधार सुरक्षा सावधानी के लिए जहां आवश्यक ध्यान दिये जाने की जरूरत होती है। लेकिन चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोभी मुख्य बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर लगा ट्रांसफार्मर दुर्घटना के लिए खुला आमंत्रण दे रहा है ।जिसकी जानकारी ग्राम के सजग वर्ग द्वारा विभागीय अधिकारियों को दी गई। इसके बाद भी उनकी चुप्पी सोचनीय विषय बनीं हुई है। नीचे लगा कटआउट बॉक्स आज तक ऊपर नहीं किया गया। बस स्टैंड डोभी ग्राम का व्यस्तम सार्वजनिक मार्ग है। जिसमें लोगों का बड़ी संख्या में आना जाना लगा रहता है। कटआउट बॉक्स जमीन से लगा हुआ है। जिससे मवेशी एवं जन मानस को करेंट लगने का खतरा रहता है। बरसात का मौसम होने के कारण वहां पर करेंट फैलने की आशंका बनीं हुई है ।स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के साथ साथ विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि जनहानि पशु हानि को रोकने के लिए शीघ्र ही कटआउट बॉक्स को ऊपर किया जाए।

### कभी भी हो सकती है जनहानि



ग्राम के प्रतिष्ठित युवा सौरभ पटेल का कहना है कि कई बार इसकी जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई है इसके बाद भी बस स्टैंड बाली डी पी का कटआउट बॉक्स ऊपर नहीं किया गया। जिससे मवेशियों एवं जन मानस को करेंट का खतरा बना रहता है। विद्युत विभाग को चाहिए कि कटआउट बॉक्स को ऊपर किया जाए ताकि कोई बड़ा हादसा न हो पाये।

### आता है हल्का करेंट



ग्राम के युवा व्यवसाई स्वप्निल जैन का कहना है कि डीपी के साथ लगा कटआउट बॉक्स जमीन पर रखा है। जिसमें बरसात होते ही हल्का करेंट बना रहता है ।अर्थ मिलने के कारण करेंट जल्दी फैलता है और आस पास मवेशियों के साथ आम लोगों का आना जाना बना रहता है।

### जनहानि-पशु हानि का कौन होगा जिम्मेदार



ग्राम के प्रशांत शर्मा का कहना है कि यदि किसी भी प्रकार की कोई जन हानि या पशु हानि होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ।बार बार सुधार के लिए कहा भी जा रहा है फिर भी किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# वार्डों में लगाये जा रहे शिविर

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** शासन की विभिन्न योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से नगर परिषद क्षेत्र में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में नगर परिषद के वार्डों में निवासियों को लक्षित कर विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर के दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा मुस्तैदी से कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने संबल एवं कर्मकार मंडल कार्ड के नवीनीकरण व नए पंजीयन तथा समग्र आईडी की ई-केवाईसी जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

# बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता को दी मुखाग्नि



**नवभारत/नरसिंहपुर।** सिंहपुर महाजन परिवार के जितेंद्र महाजन के निधन के बाद उनकी दोनों बेटियों ने रूढ़िवादिता को पीछे छोड़ते हुए पिता का अंतिम संस्कार किया। हृदय घात से जितेंद्र महाजन का निधन हो गया था। उनके कोई बेटा नहीं था, जिसके बाद उनकी दोनों बेटियों—आयुषी और अन्वी—ने मिलकर पिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी रस्में पूरी कीं।

### समाज ने सराहा बदलाव

अंतिम संस्कार में शामिल हुए समाज के सभी वर्गों के लोगों ने दोनों बेटियों के इस साहसिक कदम की सराहना की। उपस्थित लोगों ने बेटियों का समर्थन करते हुए संदेश दिया कि समय के साथ समाज में आ रहे इस सकारात्मक बदलाव को सभी को स्वीकार करना चाहिए और इसका समर्थन करना चाहिए।

### परिवार और समाज का मिला पूरा समर्थन

इस प्रगतिशील कदम के लिए पूरे महाजन परिवार ने एकजुट होकर अपनी सहमति दी। बेटियों ने न केवल मुखाग्नि दी, बल्कि बरमान में खारी (अस्थि) विसर्जन के दिन भी पारंपरिक विधि-विधान के साथ सभी कार्यों को संपन्न किया। दिवंगत जितेंद्र महाजन, सिंहपुर निवासी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद महाजन के भाई, स्वर्गीय महेंद्र महाजन के पुत्र और नरेंद्र महाजन के भतीजे थे। वे कौशलेन्द्र, शैलेन्द्र, उपेंद्र, मनीष, नीतेश, अंशुल और अभिजीत महाजन के चचेरे भाई थे।

## एक नजर में

### नदी में बहे युवक का शव डोभी में मिला

**डोभी।** गुरुवार को समीपी ग्राम नांदिया बिलहरा निवासी लखन पिता पुरषोत्तम लोधी उम्र 32 वर्ष शाम के समय लगभग 05 बजे नांदिया बिलहरा से गुजरने वाली पांडाझिर नदी में नहा रहे थे कि अचानक पानी के तेज बहाव में बह गया था जिसकी पतासाजी की जा रही थी जो देर रात्रि में डोभी मेंहदा के समीप की नदी में मिला है ।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तेंदूखेड़ा पुलिस पहुंची और पंचनामा तैयार किया गया।

### पिछले साल की अपेक्षा आधी बारिश दर्ज

**तेंदूखेड़ा** भू संसाधन एवं प्रबंधन के अनुसार जिले में अभी तक 177.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 09 जुलाई की अवधि तक तेंदूखेड़ा क्षेत्र में 256 मिमी वर्षा आंकी गई है। जबकि पिछले साल इस अबधि तक तेंदूखेड़ा में 461 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

### बाबूलाल दुबे की पुण्यतिथि पर नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**गाडरवारा।** स्वर्गीय बाबूलाल दुबे की पुण्यतिथि के अवसर पर रोटरी क्लब गाडरवारा के तत्वावधान में रविवार, 12 जुलाई को ग्राम कोठिया (लिलवानी) में मां नर्मदा पूजन-आरती एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगा, जिसमें क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रोटरी क्लब गाडरवारा के अध्यक्ष शरद मौलासरिया, सचिव संजय गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष शुभम राजपूत ने ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### पचामा शासकीय हाई स्कूल में विदाई एवं स्वागत समारोह

**गाडरवारा।** ग्राम पचामा स्थित शासकीय हाई स्कूल में गत दिवस प्राचार्य राजेश गुप्ता के शासकीय हाई स्कूल चिरहकला स्थानांतरण पर भावभीना विदाई समारोह एवं नवपदस्थ प्रयोगशाला सहायक श्रीमती रोशनी वर्मा के स्वागत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वीरेंद्र वर्मा ने किया। उन्होंने प्राचार्य गुप्ता के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय भवन में टाइल्स लगवाई गईं, मंच का निर्माण कराया गया तथा बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए।

### सैनिक स्कूल परिसर में किया पौधरोपण

**गोटेगांव।** नगर के मणिनागेंद्र सिंह सैनिक स्कूल परिसर में भारत विकास परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल और विधायक महेंद्र नागेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल ने कहा कि भारत विकास परिषद राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी निरंतर कार्यरत है।



# खुले पुल पर चौपायों की दस्तक

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर नर्मदा नदी पर ककरा घाट के पुल पर चौपायों की दस्तक से बाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश और बाढ़ के पानी के तेज बहाव को देखते हुए पुल पर लगी रेलिंग को निकाल दिया जाता है ।पुल खुला हुआ है ।इसी पुल पर बड़ी संख्या में निराश्रित मवेशियों की धमाचौकड़ी से आवागमन में परेशानी हुआ करती है। विशेष तौर पर छोटे छोटे बाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हुआ करती है। बरसात के पानी के कारण बाढ़ की स्थिति बनी रहती है।

# गाडरवारा में 100% मूंग खरीदी की मांग

**नवभारत/ गाडरवारा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर जिला किसान कांग्रेस नरसिंहपुर ने शुक्रवार को एसडीएम के माध्यम से मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान कांग्रेस ने समर्थन मूल्य (रूस्क्क) पर मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने सहित कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि मूंग प्रदेश के किसानों की प्रमुख नगदी फसल है। इसलिए सभी किसानों की उपज की शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में वर्तमान ई-टोकन व्यवस्था को




समाप्त कर पूर्व की तरह खाद वितरण प्रणाली बहाल करने की मांग भी की गई। किसान कांग्रेस का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था के कारण किसानों को खाद प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा किसानों को प्रतिदिन 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, कृषि यंत्रों पर लगाए गए जीएसटी को समाप्त करने तथा साईंखेड़ा और सालेचौका कृषि उपज मंडियों को पुन: संचालित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।

# सरकारी जमीन का खुला खेल, जिम्मेदार मौन

## अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद,कार्यवाही कब

**नवभारत/ गोटेगांव।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुशरान पिपरिया एवं इसके आश्रित ग्रामों में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत क्षेत्र की चरनोई भूमि, घास नंबर और अन्य शासकीय भूमि पर वर्षों से प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध कब्जे किए गए हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन जमीनों का उपयोग पशुओं की चराई, सार्वजनिक सुविधाओं और भविष्य के विकास कार्यों के लिए होना चाहिए था, वे आज निजी कब्जों में बदलती जा रही हैं।




आरोप है कि कई स्थानों पर शासकीय भूमि की जुताई कर खेती की जा रही है, कहीं बाड़बंदी कर निजी उपयोग में लिया गया है, तो कहीं स्थायी निर्माण तक कर दिए गए हैं।

**शिकायतों के बाद भी खामोश प्रशासन:** स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि राजस्व विभाग, पंचायत और प्रशासन संयुक्त रूप से मौके पर सीमांकन कराएं तो शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

# सैकड़ों मरीजों की जांच, मोतियाबिंद मरीजों के होंगे नि :शुल्क ऑपरेशन

**नवभारत/ गाडरवारा।** सामाजिक संस्था पहलवान मित्र मंडल द्वारा स्वर्गीय भागचंद पहलवान %गंगापारी% की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को नए बस स्टैंड परिसर में विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस सेवा शिविर में सैकड़ों मरीजों ने नेत्र परीक्षण कराकर लाभ उठाया। शिविर में सक्षम भारत संस्था एवं दादा वीरेंद्र पुरी आई हॉस्पिटल (देव जी नेत्रालय), तिलवारा घाट, जबलपुर के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की नि:शुल्क जांच की। जांच के बाद मरीजों को




आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, उनका चयन नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि चयनित मरीजों को ऑपरेशन हेतु जबलपुर ले जाया जाएगा, जहां आने-जाने, ऑपरेशन, दवाइयों और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था पहलवान मित्र मंडल द्वारा नि:शुल्क की जाएगी। शिविर में मरीजों की सुविधा के लिए पंजीयन, जांच, दवा वितरण एवं परामर्श के अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे।

# गोल्ड लोन के नाम पर 2 .90 लाख की ठगी

- बजाज फाइनेंस शाखा में फर्जी भुगतान करा जेवरात हड़पे, पीड़ित ने SP से लगाई गुहार

**नवभारत/गोटेगांव।** गोल्ड लोन चुकता करने गए ग्राहक के साथ बजाज फाइनेंस शाखा गोटेगांव में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक आवेदक ने फाइनेंस कंपनी के ही व्यक्ति पर जेवरात हड़पने और फर्जी तरीके से पैसा अपने खाते में जमा कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। आजाद वार्ड निवासी अंकित केशरवानी ने पारिवारिक जरूरत के लिए



गोटेगांव स्थित बजाज फाइनेंस शाखा में सोने के जेवरात गिरवी रखकर 2,89,000 रुपये का गोल्ड लोन लिया था। 3 जुलाई 2026 को अंकित लोन चुकता करने शाखा पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद आदर्श दुबे ने 3,05,000 रुपये बजाज के बैंक खाते में जमा कराए। यह राशि 24 घंटे बाद आवेदक के खाते में वापस भी आ गई।

### स्कैनर से कराया भुगतान फिर गायब हुआ आरोपी

6 जुलाई 2026 को अंकित अपने अन्य जेवरात का लोन चुकता करने पहुंचे। उस समय कुल बकाया 2,98,122 रुपये था। आरोप है कि अनावेदक आदर्श दुबे ने बैंक के अंदर एक स्कैनर दिया, जिस पर अंकित ने 2,90,000 रुपये का भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद जब जेवरात मांगे गए तो आदर्श ने लॉकर से निकालने की बात कहकर 1-2 घंटे का समय मांगा। शाम करीब 6 बजे आरोपी बैंक से गायब हो गया। छानबीन में पता चला कि आवेदक द्वारा जमा की गई 2,90,000 रुपये की राशि केपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के खाते में जमा कराई गई है, न कि बजाज फाइनेंस में।

### धमकी का भी आरोप

पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद से वह लगातार फाइनेंस कंपनी के चक्कर काट रहा है, लेकिन आरोपी नहीं मिल रहा और उसका फोन भी बंद आ रहा है। 8 जुलाई 2026 की रात श्रीपाल नामक व्यक्ति के फोन से उसे धमकी भी दिलवाई गई। पीड़ित ने कॉल रिकॉर्डिंग के साथ स्क्कको शिकायत सौंपी है और अपने जेवरात वापस दिलाने व आरोपी पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया शासकीय कन्या हाईस्कूल कोंडिया का निरीक्षण

**नवभारत/ गाडरवारा।** शनिवार को ग्राम कोंडिया स्थित शासकीय कन्या हाईस्कूल का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. अनिल कुशवाहा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 9वीं एवं 10वीं की छात्राओं से कक्षाओं में पहुंचकर संवाद किया और आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। डॉ. कुशवाहा ने छात्राओं को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और अनुशासित दिनचर्या अपनाने की सलाह देते हुए अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रभावी अध्ययन के टिप्स साझा किए। उन्होंने छात्राओं के स्वास्थ्य, सुबह जागने के समय, संतुलित दिनचर्या तथा मानसिक एकाग्रता



के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया तथा छात्राओं से उनकी पढ़ाई और विद्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जयमोहन शर्मा, समस्त शिक्षकीय स्टाफ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# साईकिल प्राप्त होने से खिले विद्यार्थियों के चेहरे

- पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने टीन शेड का लोकार्पण करते हुए विद्यार्थियों को वितरित की साईकिल

**नवभारत/नरसिंहपुर।** शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यालय तक उनकी नियमित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के धमना बरमान हिरनपुर सुआतला रिछाई ग्रामों के आयोजित कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया। साइकिल प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर



खुशी और उत्साह साफ झलकने लगा इस अवसर पर जालम सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा के कारण पढ़ाई से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी पढ़ाई नियमित और बेहतर हो सकेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। पूरी लगन, मेहनत और अनुशासन के साथ अध्ययन करें तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और जिले का नाम रोशन करें।





# बीएसएल पब्लिक स्कूल में मनाया हरियाली का संदेश ग्रीन डे

**नवभारत/ करेली।** 11 जुलाई को बीएसएल पब्लिक स्कूल में शनिवार 11 जुलाई को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के बीच ग्रीन डे मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएँ पेड़-पौधों, फलों एवं प्रकृति से प्रेरित आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुँचे और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दी गई। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा विद्यालय परिसर में छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गये। विद्यालय के संचालक चेतन लुनावत ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वायु के निर्माण में योगदान देना चाहिए। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

**गुरु पूर्णिमा** | देशभर से जुटेंगे साधक

# गुरु पूर्णिमा पर ओशो लीला आश्रम में होगा ध्यान शिविर

**नवभारत/ गाडरवारा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु ओशो रजनीश की कर्मस्थली माने जाने वाले ओशो लीला आश्रम, गाडरवारा में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 27 जुलाई की संध्या से प्रारंभ होकर 30 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। शिविर का संचालन स्वामी ध्यान आकाश एवं स्वामी आनंद नारायण के संयुक्त सान्निध्य में किया जाएगा। आश्रम प्रबंधन के अनुसार इस आध्यात्मिक आयोजन में गाडरवारा सहित देश के विभिन्न राज्यों से ओशो



संन्यासी, ध्यान साधक और आध्यात्मिक जिज्ञासु शामिल होंगे। तीन दिनों तक आश्रम परिसर ध्यान, साधना और आत्मचिंतन के विशेष वातावरण से ओत-प्रोत रहेगा।

### विभिन्न ध्यान विधियों का होगा अभ्यास

शिविर में प्रतिदिन प्रात:काल डायनेमिक मेडिटेशन (सक्रिय ध्यान), नादब्रह्म ध्यान, विपश्यना ध्यान, कुंडलिनी ध्यान सहित अनेक ध्यान विधियों का अभ्यास कराया जाएगा। वहीं संध्या सत्र में व्हाइट रोब ब्रदरहुड मेडिटेशन, सत्संग, ओशो प्रवचन माला का श्रवण, भजन-कीर्तन, नृत्य एवं आनंद उत्सव आयोजित होंगे। रात्रि 9 बजे तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में सहभागी साक्षी भाव के साथ ध्यान और आत्मिक अनुभवों का लाभ प्राप्त करेंगे।

### आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन का संदेश

आयोजकों के अनुसार गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा, आत्मचिंतन और साधना का विशेष पर्व है। इस अवसर पर आयोजित ध्यान शिविर का उद्देश्य लोगों को मानसिक शांति, आत्मिक ऊर्जा और सकारात्मक जीवन शैली की ओर प्रेरित करना है। शिविर के दौरान ओशो की आध्यात्मिक शिक्षाओं, ध्यान दर्शन और जीवन के विभिन्न आयामों पर भी चर्चा होगी।

# सेक्टर बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

- विश्व जनसंख्या दिवस पर हुये कार्यक्रम

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लाक स्तरीय दल द्वारा सेक्टर तेन्दूखेडा के अंतर्गत सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती पंजीयन गर्भवती चार जांच हाईरिस्क गर्भवती प्रबंधन शिशु टीकाकरण गर्भवती एनीमिया की समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये गये ।खंड कार्यक्रम प्रबंधक विनोद प्रजापति द्वारा दस्तक अभियान के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर उपस्वास्थ्य केन्द्रों की कार्य योजना एवं




ड्यूलिस्ट प्रदान की गई। मलेरिया निरीक्षक यशवंत शर्मा द्वारा डेंगु मलेरिया की रोकथाम नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर तेजराम गोलंदाज प्रभारी बीईई द्वारा गर्भनिरोधन के स्थाई अस्थाई साधनों के वितरण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी डा. दामोदर जाटव सेक्टर परवाईसर शफीक कुरैशी डब्ल्यू एच ओ मानीटर यशवंत यादव सभी सीएचओ एएनएम उपस्थित रहे।